भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1995
उत्तर देने की तारीख-20/12/2023

शिक्षक प्रशिक्षण पर व्यय

1995 **श्री एस. निरंजन रेड्डी:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा शिक्षकों के प्रशिक्षण और शिक्षा में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा शिक्षकों के प्रशिक्षण और शिक्षा पर कितनी धनराशि खर्च की गई है;
(ग) क्या सरकार देश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने और प्रशिक्षणों की संख्या बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर रही है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) केंद्र प्रायोजित योजना समग्र शिक्षा के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) सहित शिक्षक शिक्षा संस्थानों को सुदृढ़ करने के लिए; नये डीआईईटी की स्थापना हेतु; शिक्षकों, प्रधान शिक्षकों और शिक्षक प्रशिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण हेतु; राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों (एससीईआरटी) आदि की गतिविधियों को सहायता प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के पैरा 5.23 के अनुसार, एनसीटीई ने प्रायोगिक आधार पर चयनित एनएएसी 'ए' प्रत्यायन प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों में 4-वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) शुरू किया है। आईटीईपी में यह सुनिश्चित किया गया है कि भावी शिक्षकों को सामग्री, शिक्षाशास्त्र, मूल्यों और अभ्यास के संदर्भ में उच्चतम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए।

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 2019-20 में केंद्र प्रायोजित योजना समग्र शिक्षा के तहत निष्ठा - स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति हेतु राष्ट्रीय पहल नामक एक एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर अधिगम परिणामों में सुधार लाने हेतु एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया है। निष्ठा मिशन की ऑनलाइन शुरुआत अक्टूबर 2020 में दीक्षा प्लेटफॉर्म पर शुरु की गयी थी। तदुपरांत, निष्ठा प्रशिक्षण का विस्तार माध्यमिक स्तर के शिक्षकों और प्रमुख प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) तथा प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) तक किया गया है।

(ख):विगत पांच वित्तीय वर्षों में समग्र शिक्षा के अंतर्गत शिक्षकों के प्रशिक्षण पर किया गया व्यय निम्नानुसार है-

(रु. लाख में)

वित्त वर्ष	व्यय की गई धनराशि (कक्षा I से XII के लिए कुल शिक्षक प्रशिक्षण)
2018-19	33361.48
2019-20	59861.51
2020-21	11586.94
2021-22	17460.94
2022-23	9600.60

(स्रोत: प्रबंध पोर्टल)

(ग) से (ङ): एनईपी 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुसरण में, सीबीएसई ने अपने शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए "कक्षाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग" संबंधी एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम तैयार किया है ताकि वे इन उपकरणों का उपयोग अपने पाठ्यक्रम और शिक्षा के तरीकों में सरलता से कर सकें। इसके अतिरिक्त, एनसीटीई ने सभी शिक्षार्थियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को अध्ययन के एक अनिवार्य भाग के रूप में आईटीईपी के चरण विशेष सामग्री सह अध्यापन पाठ्यक्रमों के पाठ्यचर्या घटक में शामिल किया है।

*****